गुजरात को केंद्रीय सड़क निधि से सहायता

5795. श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी: क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान केन्द्रीय सड़क कोष से गुजरात राज्य को वर्षवार कितनी-कितनी राशि आवंटित की गई ;

(ख) विभिन्न परियोजनाओं के लिए कितनी-कितनी राशि मंजूर की गई तथा उक्त अवधि के दौरान वास्तव में कितनी राशि जारी की गई ;

(ग) ऐसी लंबित परियोजनाओं के नाम क्या हैं जिनके लिए गुजरात सरकार ने केंद्रीय सड़क कोष से सहायता हेतु केंद्रीय सरकार से अनुरोध किया है ;

(घ) 1993–94 और 1994–95 के दौरान केंद्रीय सड़क कोष से कितनी राशि गुजरात सरकार को देने का विचार है ; और

(ड.) इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान के०स०नि० (केंद्रीय सड़क निधि) में से गुजरात राज्य को आवंटित की गई राशि नीचे दर्शाई गई है :—

(लाख रु०)

वर्ष	आवंटित राशि
1991–92 . .	60.00
1992–93 . .	70.00
1993–94 . .	80.00

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान तथा चालू वर्ष 1993–94 में विभिन्न योजनाओं के लिए के०स०नि० के तहत संस्वीकृत 447.51 लाख रु० की राशि पुराने संकल्प के अनुसार केंद्रीय सड़क निधि के तहत 6 स्कीमों के लिए अनुमोदित की जा चुकी है ।

(ग) गुजरात राज्य में केंद्रीय सड़क निधि के तहत लंबित परियोजनाओं की सूची दर्शाने वाला विवरण संलग्न है । **(नीचे देखिए)**

(घ) और (ड.) वित्त वर्ष 1993–94 में 80.00 लाख रु० जारी किए गए हैं । 1994–95 में आवंटित की जाने वाली प्रस्तावित राशि के बारे में अभी से बता पाना संभव नहीं है ।

विवरण

(लाख रु०)

क्रम सं०	योजना का नाम	अनुमानित लागत
1.	मेहसान जिले में मंसा विषनगर सड़क मे सुधार करना तथा उसे मजबूत बनाना ।	70.00
2.	द्वारका-ओखा सड़क खंड, जो ओखा पोरबंदर तटीय राजमार्ग पर 232/4 से 234/0 कि० मी० के बीच है, पर द्वारका के निकट रुकमणि क्रीक पर, पहुंच मार्गों सहित एक पुल का पुन: निर्माण ।	50.00
3.	बांकनेर जेड़श्वर लाजयी सड़क पर 4/0 से 5/0 कि० मी० के बीच अशोई नदी पर एक पुल का निर्माण ।	80.00
4.	अलीराजपुर-दहोद-जलोद से गर्बदा तक पंचमहल जिले की सीमा तक मौजूदा गहराई के स्थान पर एक उच्च तटीय पुल का निर्माण ।	80.00
5.	गोटा जंकशन से थालतेज तक मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग–8 सी के समानान्तर सेवा सड़क का निर्माण ।	420.00